RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्षः 1 | अंक 279 | नागौर, 16 सितम्बर, 2022 (शुक्रवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

# Lakhimpur Kheri Case

# सामूहिक दुष्कर्म के बाद गला घोंट पेड़ से लटकाया शव

## भारी विरोध के बाद हुआ दलित बहनों का अंतिम संस्कार

**लखनऊ।**

लखीमपुर खीरी के निघासन में दो सगी बहनों के साथ बुधवार को हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में गुरुवार देर शाम दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। जिलाधिकारी ने परिजन को उनकी तीन मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया है।

गुरुवार सुबह मामला मीडिया में आने के बाद इस पर दिनभर राजनीति चलती रही। पुलिस ने इस मामले के सभी छह आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक दोनों बहनों संग पहले सामूहिक दुष्कर्म किया गया, इसके बाद उनकी रस्सी से गला दबाकर हत्या की गई। फिर शवों को पेड़ से लटका दिया गया।

लखीमपुर खीरी के निघासन में दो बहनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म तथा हत्या के मामले का एससी/एसटी आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, डीजीपी, जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी तथा एसपी लखीमपुर से रिपोर्ट मांगी है।

**पीड़ित पक्ष की मांग- सभी आरोपितों को मिले फांसी**-लखीमपुर खीरी के निघासन थाना क्षेत्र में दो सगी बहनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म तथा हत्या के मामले में पीड़ित पक्ष की सभी दोषियों को फांसी पर लटकाने की मांग है। पीड़िता के पिता ने कहा कि इस मामले में हमें जल्दी इंसाफ चाहिए। इंसाफ होना चाहिए। पिता ने रूंधे गले से अपना दर्द भरा पक्ष रखा है। मृतका के पिता ने कहा है कि मैं चाहता हूं कि इंसाफ होना चाहिए। उनको (आरोपियों को) फांसी होनी चाहिए।

### पेड़ से लटकत शव

जिन दो सगी बहनों के शव संदिग्ध हालात में खैर के पेड़ से लटकते मिले थे, उनकी रस्सी से गला कस कर हत्या की गई थी। उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म भी किया गया था। इसकी पुष्टि गुरुवार को उनके शवों के पोस्टमार्टम के बाद हुई है। जिला मुख्यालय पर डा. राजेंद्र, डा. ओवैस अहमद और डा. अर्चना के पैनल ने दोनों शवों के पोस्टमार्टम किए। इस दौरान वीडियोग्राफी भी कराई गई।


सुहैल


करीमुद्दीन


आरिफ


छोटू


हफीजुल रहमान


जुनैद



### शवों का अंतिम संस्कार

दुष्कर्म के बाद सगी बहनों की हत्या के मामले में दिनभर चली उठापठक के बाद देर शाम भारी सुरक्षा बल के बीच शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद उस वक्त एक बार फिर प्रशासन के हाथ पांव फूल गए जब परिवार जनों ने दोनों किशोरियों का अंतिम संस्कार करने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होंगी, बेटियों के शव यूं ही रहेंगे। हालांकि बाद में प्रशासन के मनाने पर परिजन मान गए और उन्होंने स्वेच्छा से अंतिम संस्कार की अनुमति दे दी।

### 15 घंटे में पुलिस के हत्थे चढ़े सभी आरोपी

पुलिस के मुताबिक, ये वारदात बुधवार शाम 5 बजे के करीब की है। वारदात करने के बाद सभी आरोपी मौका-ए-वारदात से फरार हो गए। सूचना मिलते ही विशेष टीमें घटित कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई। लगातार चली 15 घंटे की कार्रवाई में पुलिस ने सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इनकी पहचान जुनैद, सोहैल, आरिफ, हफीज, करीमुद्दीन व छोटू के रूप में हुई है। इनमें से एक आरोपित जुनैद को मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगी है।

## सलमान को फार्महाउस के रास्ते में मारने की थी साजिश

### लॉरेंस गैंग ने 3 महीने में 2 बार कोशिश की, शूटर्स ने डेढ़ महीने पनवेल फार्महाउस पर नजर रखी



**मुंबई।**

सलमान खान पिछले 4 साल से लॉरेंस बिश्नोई गैंग के निशाने पर हैं। इस गैंग ने इन सालों में एक्टर की हत्या करने की पहले 4 बार कोशिशें कीं। अब पंजाब पुलिस ने गुरुवार को इस मामले में नया खुलासा किया है। इसके अनुसार लॉरेंस गैंग ने पिछले तीन महीने में सलमान पर हमले की दो और कोशिशें कीं। गैंग ने सलमान को उनके फार्म हाउस के रास्ते में मारने का प्लान बनाया था।

पंजाब पुलिस ने बताया कि सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या करने से पहले लॉरेंस ने सलमान को मारने की साजिश रची थी। प्लान् के फेल हो जाने के बाद गैंग ने प्लान क्क तैयार किया था। हालांकि, इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं मिल पाई है। इस प्लान को गोल्डी बराड़ लीड कर रहा था। गोल्डी ने सलमान की हत्या करने के लिए कपिल पंडित (लॉरेंस गैंग का शार्प शूटर) को चुना था और यह तय हुआ था कि पनवेल फार्महाउस जाने के वक्त एक्टर पर जानलेवा हमला किया जाए।

### फार्महाउस के पास शूटर्स डेढ़ महीने रुके, रेकी भी की थी

मुंबई के पनवेल में कपिल पंडित, सन्तोष जाधव, दीपक मुंडी और बाकी शूटर्स एक किराए का कमरा लेकर रुके थे, क्योंकि यहीं सलमान का फार्म हाउस है। वे करीब डेढ़ महीने तक रुके भी थे। लॉरेंस गैंग के इन सभी शूटर्स ने कमरे में सलमान पर अटैक करने के लिए छोटे हथियार, पिस्टल और कारतूस रखे थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, शूटर्स ने यह भी पता किया था कि सलमान खान हिट एंड रन मामले के बाद से गाड़ी की स्पीड कम रखते हैं। सलमान जब भी पनवेल में अपने फार्महाउस पर आते हैं, तब उनके साथ शेरा ही मौजूद होता है।

### कैसे हुआ खुलासा?

दरअसल, पंजाब पुलिस ने शूटर कपिल पंडित को तीन दिन पहले गिरफ्तार किया था। उसी ने पूछताछ में सलमान की हत्या का खुलासा किया और पूरी साजिश के बारे में बताया।

## नियमों के मुताबिक शैक्षणिक संस्थानों को ड्रेस निर्धारित करने का अधिकार : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।**

कर्नाटक के स्कूलों में हिजाब पर प्रतिबंध के मामले में गुरुवार को भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं की दलील पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नियम कहते हैं कि शैक्षणिक संस्थानों को ड्रेस निर्धारित करने का अधिकार है। हिजाब इससे बिल्कुल अलग है। इससे एक दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की ओर से नित नई दलीलें दिए जाने पर आपत्ति जताई जो हाई कोर्ट में नहीं दी गई थीं। समाचार एजेंसी एएनआइ के मुताबिक मामले की सुनवाई सोमवार (19 सितंबर) को भी जारी रहेगी।

### हाईकोर्ट में उक्त बातें क्यों नहीं कही

न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता और सुधांशु धूलिया की पीठ ने बुधवार को हिजाब पर रोक का विरोध कर रहे याचिकाकर्ताओं के वकील से कहा कि कनार्टक हाई कोर्ट में सिर्फ इस पर बहस की गई थी कि हिजाब धर्म का अभिन्न हिस्सा है। वहां इस पर बहस नहीं की गई थी कि हिजाब पर प्रतिबंध से लड़कियां पढ़ाई छोड़ रही हैं। यह भी कहा जा रहा है कि हिजाब पहनना फर्ज है।



### हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती

सुप्रीम कोर्ट में करीब दो दर्जन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है जिनमें कनार्टक के स्कूलों में हिजाब पर प्रतिबंध को सही ठहराने वाले हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि हिजाब पहनना धर्म का अनिवार्य हिस्सा नहीं है।

### इस दलील पर कोर्ट की आपत्ति

बुधवार को जब हिजाब पर प्रतिबंध को चुनौती देने वाली मुस्लिम छात्रा के वकील हुजैफा अहमदी ने रोक से संविधान के अनुच्छेद 21ए (मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार), अनुच्छेद 14 (बराबरी का अधिकार), अनुच्छेद 25 (धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार), अनुच्छेद 29 (अल्पसंख्यकों की संस्कृति के संरक्षण का अधिकार) के उलंघन की दलील दी और कहा कि हिजाब पर रोक के कारण लड़कियां स्कूल छोड़ रही हैं तो कोर्ट ने आपत्ति उठाई।

### हाई कोर्ट में ये दलीलें नहीं दी गई

पीठ ने कहा कि हाई कोर्ट में ये दलीलें नहीं दी गई थीं। वहां सिर्फ धर्म के अभिन्न हिस्से पर बहस हुई थी। पीठ ने कहा कि अनुच्छेद 21ए यहां लागू नहीं होता क्योंकि वह प्रारंभिक शिक्षा के बारे में है। हाई कोर्ट में अनुच्छेद 29 की भी दलीलें नहीं थीं। अहमदी ने कहा ये कानूनी मुद्दे हैं कोर्ट को इन पर विचार करना चाहिए।

### लड़कियां फिर मदरसों में चली जाएंगीं

उन्होंने कहा कि जिन लड़कियों की बातें हो रही हैं वे रूढ़िवादी परिवारों से आती हैं। उनके माता-पिता धर्म का पालन करते हुए उन्हें स्कूल भेजते हैं। अगर हिजाब पर रोक होगी तो उनका स्कूल छूट जाएगा। इस दलील पर जस्टिस सुधांशु धूलिया ने पूछा कि क्या आपकी यह दलील है कि लड़कियों को हिजाब पहनने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

## श्रीनगर में मुठभेड़, सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया

**श्रीनगर।**

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के नौगाम इलाके में सुरक्षाकर्मियों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। इसमें सुरक्षाबलों ने अब तक 2 आतंकियों को मार गिराया है। दोनों की पहचान पुलवामा के एजाज रसूल नजर और शाहिद अहमद के रूप में हुई। ये आतंकी संगठन अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े हुए थे।

### हथियार किए गए बरामद

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया कि इलाके में कुछ आतंकियों के छिपे होने की खबर मिली थी। इसके बाद पुलिस और जवानों ने यह संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया। इसके बाद एनकाउंटर में दोनों आतंकी मारे गए। आतंकियों के पास से एक ्च-47, 2 पिस्टल और एक ग्रेनेड बरामद हुआ। पुलिस और सेना ने लोगों से उनका साथ



देने की बात कही। सेना ने कहा कि जब तक इलाके की पूरी तरह से छानबीन न हो जाए, तब तक लोग अपने घरों से बाहर न निकलें।

**शोपियां में मारा गया था एक आतंकी**-जम्मू-कश्मीर के शोपियां में 12 सितंबर को हेफ शिरमल इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच एनकाउंटर हुआ। पुलिस और सुरक्षा बल संयुक्त रूप से आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन चला रहे थे। इसमें एक आतंकवादी मारा गया। एक सुरक्षाकर्मी भी घायल हुआ था।

### जयपुर में परिचित ने किया महिला से रेप

## कोल्ड ड्रिंक पिलाकर किया रेप, अश्लील वीडियो से किया ब्लैकमेल

**जयपुर।**

जयपुर में परिचित युवक के एक महिला से रेप करने का मामला सामने आया है। नशीला पदार्थ पिलाकर आरोपी ने बेहोशी की हालत में महिला से दुष्कर्म किया। अश्लील फोटो-वीडियो बनाकर तीन सालों तक ब्लैकमेल कर रेप करता रहा। मुहाना थाने में पीड़िता ने आरोपी परिचित युवक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। मामले की जांच एसएचओ लखन सिंह खटाना कर रहे हैं।

पुलिस ने बताया कि मुहाना निवासी 32 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। आरोपी सनी उर्फ गुरमीत सिंह के परिचित होने के कारण घर पर आना-जाना है। साल 2019 में आरोपी सनी उर्फ गुरमीत उससे मिला। बातचीत के दौरान आरोपी ने उसको कोल्ड ड्रिंक पीने को दी। नशीला पदार्थ मिला होने के कारण वह बेहोश की हालत में हो गई। बेहोशी की हालत में आरोपी सनी उर्फ गुरमीत ने उसके साथ रेप किया। दुष्कर्म के दौरान आरोपी ने उसकी अश्लील फोटो-वीडियो भी बना लिए।

होश आने पर विरोध करने पर मोबाइल पर उसकी फोटो-वीडियो दिखाकर चुप रहने को कहा। अश्लील फोटो-वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पिछले तीन सालों तक ब्लैकमेल कर आरोपी उसके साथ दुष्कर्म करता रहा।

## गृह मंत्री शाह की मौजूदगी में असम सरकार और 8 जनजातीय समूहों के बीच समझौता

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में बुधवार को असम सरकार और 8 जनजातीय समूहों के प्रतिनिधियों के बीच समझौते पर हस्ताक्षर हुए।

इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह असम और उत्तर पूर्व के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिए मोदी सरकार द्वारा कई पहल की गई हैं।

असम के आदिवासी संगठनों के लगभग 1100 लोग आज हथियार डाल कर मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। नरेंद्र




मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उत्तर पूर्व को शांत और विकसित बनाने के लिए कई प्रकार के कार्यक्रम हाथ में लिए गए। इसमें आज एक बड़ा मील का पत्थर हम पार करके आगे बढ़ रहे हैं। आदिवासी जनजाति को सामाजिक न्याय व राजनीतिक अधिकार मिलेगा

असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि आज बहुत महत्वपूर्ण दिन है। मेरा मानना है कि इस समझौते से हमारे आदिवासी जनजाति के लोगों को सामाजिक न्याय मिलेगा, आर्थिक विकास का एक बहुत बड़ा मौका मिलेगा और साथ ही राजनीतिक अधिकार भी मिलेगा।

## जयपुर की सांगानेर ओपन जेल से भागा बंदी : आजीवन कारावास की काट रहा था सजा

**जयपुर।**

जयपुर की सांगानेर ओपन जेल से एक बंदी भाग निकला। फरार बंदी आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। पिछले 10 दिन में ओपन जेल से भागने वाला यह दूसरा बंदी है। मालपुरा गेट थाने में फरार बंदी की तलाश के लिए रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। पुलिस दोनों फरार बंदियों की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि सांगानेर ओपन जेल के प्रहरी दयाराम गुर्जर ने बुधवार रात मामला दर्ज करवाया है। सांगानेर ओपन जेल में बंदी नारायण पुत्र भूरजी फरार हो गया। बंदी नारायण बासवाडा के अलैना का रहने वाला है। पिछले लम्बे समय से वह सांगानेर ओपन जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। 13 सितम्बर को बंदी नरपत सिंह जेल से बाहर कमाने गया था। देर शाम तक वापस जेल नहीं लौटा। शाम को जेल में रोल कॉल में मौजूद नहीं होने पर उसकी ढूंढा गया।

## सम्पादकीय

# दवा की कीमत

किसी भी बीमारी के इलाज में होने वाले खर्च का ज्यादातर हिस्सा दवाओं के हिस्से में खर्च होता है। इसकी एक मुख्य वजह यह है कि इन दवाओं की बाजार में बिक्री के लिए जो कीमत होती है, वह आमतौर पर लागत के मुकाबले काफी ज्यादा होती हैं और इसीलिए ये कई बार मरीजों के एक बड़े तबके की पहुंच से बाहर हो जाती हैं। इससे न केवल किसी गंभीर रोग के उपचार में मुश्किल पेश आती है, बल्कि सरकार पर भी इसका अतिरिक्त बोझ पड़ता है। हालांकि समय-समय पर सरकार की ओर से कम कीमत पर या सस्ती दवाएं सभी जरूरतमंद तबकों को उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाए जाते हैं, मगर कुछ समय बाद स्थिति पहले की तरह ही हो जाती है। नतीजतन, बाजार में जीवन रक्षक या बेहद जरूरी दवाएं ऊंची कीमतों पर मिल रही होती हैं और उन्हें हासिल कर पाने में केवल आर्थिक रूप से सक्षम तबका ही कामयाब हो पाता है। इस मसले पर सरकार की ओर से जताई जाने वाली फिक्र अक्सर सामने आती रही है। मसलन, मंगलवार को सरकार ने कहा कि आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची में चौंतीस नई अतिरिक्त दवाओं को शामिल करने से कई गंभीर बीमारियां होने पर मरीजों का खर्च घटेगा। इस तरह सस्ती होने वाली दवाओं की सूची में कैंसररोधी दवा और टीके भी डाले गए हैं, जो अब पहले के मुकाबले कम कीमत में उपलब्ध हो सकेंगे। निश्चित रूप से आम जनता के लिए यह राहत की खबर है।

दवाओं की कीमतों को कम करने की सरकार की ताजा घोषणा अगर सचमुच अमल में आई तो कई एंटीबायोटिक, टीके, कैंसररोधी और कुछ अन्य अहम दवाओं की कीमत कम होगी। तो क्या अब उम्मीद की जानी चाहिए कि जिन दवाओं के दाम कम किए जाने की बात हो रही है, उन तक आम लोगों की भी पहुंच हो सकेगी और ऐसे लोगों का भी जीवन बचाया जा सकेगा, जिनकी बेहद जरूरी दवाओं के अभाव में नाहक ही मौत हो जाती है? सरकार अपनी किसी योजना या कार्यक्रम की घोषणा के बाद उस पर अमल की हकीकत को लेकर कितना गंभीर होती है? खुले बाजार में उपलब्ध दवाओं को कई-कई गुना ज्यादा कीमत पर बेचे जाने को लेकर अक्सर सवाल उठते रहे हैं और इस संदर्भ में सरकार की ओर से आए दिन घोषणाएं होती रहती हैं। लेकिन आम जनता के लिए ऐसी राहत देने की बात करने के कुछ दिनों बाद ही हालत पहले की तरह हो जाती है। सरकार का कहना है कि कोई भी कंपनी अपने हिसाब से दवा के दाम नहीं बढ़ा सकेगी, लेकिन यह छिपा नहीं है कि इसके बावजूद दवा कंपनियां कोई न कोई रास्ता निकाल लेती हैं, ताकि उनके बेलगाम मुनाफे में कमी नहीं आए। अक्सर ऐसे दिशानिर्देश जारी किए जाते हैं कि डाक्टर मरीजों की चिकित्सा के दौरान जेनेरिक दवाएं लेने की सलाह दें। लेकिन इस पर कितने चिकित्सक अमल करते हैं? जन औषधि केंद्र जैसी व्यवस्था के तहत सरकार अपने नियंत्रण वाली दुकानों में जेनेरिक और सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने का दावा तो करती है, मगर कई बार मरीजों को वहां जीवन रक्षक दवा भी नहीं मिल पातीं। मजबूरन खुले बाजार में निजी दुकानों से उन्हें ऊंची कीमत पर दवा लेना पड़ता है या फिर उसकी कीमत अदा कर पाने में वे सक्षम नहीं होते। जरूरत इस बात की है कि सरकार जनता को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने की केवल घोषणा नहीं करे, बल्कि एक सुगठित तंत्र बनाए जो इस पर अमल सुनिश्चित करे और इसकी स्थिति पर निगरानी रखे। साथ ही, वह तंत्र इन निर्देशों को लागू करने में लापरवाही की पड़ताल करे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई भी करे।

# लोकतंत्र की कठिन होती राह

**चीन लोकतांत्रिक ताइवान को लेकर हमेशा आक्रामक बना रहता है। म्यांमा में सेना के विद्रोह के बाद आधा-अधूरा प्रजातंत्र भी समाप्त हो गया है। थाईलैंड में राजतंत्र के साथ सैन्य नियंत्रण लोकतंत्र की वापसी की उम्मीदों को असंभव बना रहा है। हाल ही में 30 जून, 2022 को फिलीपींस की सत्ता छोड़ने वाले रोड्रिगो दुतेर्ते की अनुदार नीतियों ने फिलीपींस के प्रजातंत्र को जो क्षति पहुंचाई है उसकी भरपाई की उम्मीद उनके उत्तराधिकारी फिलीपींस के तानाशाह रह चुके फर्डिनांड मार्कोस के बेटे फर्डिनांड मार्कोस जूनियर से करना बेमानी है। विएतनाम में नागरिक असहमति का कठोर दमन जारी रहा है। मलेशिया में वास्तविक लोकतंत्र की ओर संक्रमण अवरोध का शिकार है। सिंगापुर की गिनती भी अनुदार लोकतंत्रों में होती है। एशिया के सबसे पुराने लोकतंत्र जापान में भी शिंजो आबे के शासन के आठ वर्ष लोकतंत्र के लिए अच्छे नहीं रहे हैं। दक्षिण कोरिया की वाम रुझान वाली सरकार न्यायिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी के हनन के आरोपों से घिरी हुई है। स्वयं भारतीय प्रजातंत्र में गिरावट का संकेत अनेक स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं देती रही हैं।**

**लोकतंत्र** एक आदर्श व्यवस्था अवश्य है, पर जब तक जनता लोकतंत्र के सुचारु संचालन और इसकी सुरक्षा के लिए पर्याप्त परिपक्वता अर्जित नहीं कर लेती, तब तक किसी भी देश का लोकतंत्र स्थिर और सशक्त नहीं बन सकता। जनता को लोकतांत्रिक मूल्यों की शिक्षा देने का उत्तरदायित्व जिन लोकप्रिय नेताओं और राजनीतिक दलों पर है, दुर्भाग्य से उन्हें सत्ता पर वर्चस्व बनाए रखना अधिक महत्त्वपूर्ण लगता है। लोकतंत्र एक प्रक्रिया और लक्ष्य दोनों है। इसे सफल बनाने के लिए आम आदमी, नागरिक समाज, सरकारों तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं, सभी की सहभागिता आवश्यक है। मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा और सिविल तथा राजनीतिक अधिकारों की अंतरराष्ट्रीय प्रसंविदा में राजनीतिक अधिकारों और नागरिक स्वतंत्रता की विस्तृत व्याख्या की गई है। मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा का अनुच्छेद 21(3) मानवाधिकारों की रक्षा और लोकतंत्र की मजबूती के मध्य अटूट रिश्ते को रेखांकित करता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा समय-समय पर जारी प्रस्तावों ने मूल निवासियों, अल्पसंख्यकों और दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा को उच्च प्राथमिकता दी है।

शीतयुद्ध की समाप्ति को विशेषज्ञों ने प्रजातंत्र की निर्णायक विजय और पूंजीवाद की अधिनायकवादी समाजवाद पर जीत के रूप में व्याख्यायित किया था। 1970 के दशक के शुरुआती वर्षों में लोकतंत्रीकरण की तीसरी लहर उठनी शुरू हुई। नए उभरते लोकतंत्र पश्चिम के उदार लोकतंत्र के माडल का अनुकरण करने लगे। 1989 में सोवियत संघ बिखर गया, तो पश्चिम के कुछ अति उत्साही विश्लेषक यह कल्पना करने लगे कि पश्चिम का उदार लोकतांत्रिक माडल सरकार का सर्वश्रेष्ठ और परिपूर्ण माडल है और इसे विश्व द्वारा अपनाया जाना तय है। मगर 2008 के 'वाल स्ट्रीट क्रैश' और इसके बाद आई वैश्विक मंदी ने पश्चिम के आर्थिक-राजनीतिक माडल की सीमाओं को उजागर कर दिया। फिर अधिनायकवादी व्यवस्था के प्रति आकर्षण बढ़ा। खासकर चीन इन चर्चाओं के केंद्र में था। धीरे-धीरे विश्व फिर अलग-अलग खेमों में बंटने लगा। धार्मिक-सांस्कृतिक मूल्यों को महत्त्व मिला और एक ऐसा राष्ट्रवादी माडल लोकप्रिय होने लगा, जिसकी मूल प्रवृत्ति लोकतंत्र विरोधी थी। आज उदार लोकतंत्र स्वयं खतरे में नजर आ रहा है। एशिया के लोकतांत्रिक परिदृश्य को बहुत से विशेषज्ञ अधिनायकवादी चीन और लोकतांत्रिक अमेरिका के बीच एशिया में अपना दबदबा कायम करने के संघर्ष के रूप में देखते हैं। हालांकि अपने सामरिक-आर्थिक हित साधने के लिए कठपुतली सरकारों के गठन की अमेरिका की प्रवृत्ति यह दर्शाती है कि उसका उदार लोकतांत्रिक माडल केवल अपने देश तक सीमित है। पिछले कुछ वर्षों में लोकतंत्र की मजबूती और टिकाऊपन के आकलन की पद्धतियों में बदलाव आया है। अब चुनाव प्रक्रिया और सत्ता संचालन की पद्धतियों के विश्लेषण के आधार पर किसी लोकतंत्र को आंकने के अलावा उस लोकतंत्र में जन सहभागिता के स्तर तथा गहन और सोद्देश्य सामूहिक चर्चा तथा विवेचना के बाद सुविचारित निर्णय लेने की प्रवृझित्त पर अधिक ध्यान केंद्रित किया जाने लगा है। यूरोपियन यूनियन जबसे




अस्तित्व में आई है तब से यह एक ऐसी बहुस्तरीय शासन व्यवस्था तैयार करने की कोशिश करती रही है, जो केंद्रीय सत्ता और स्थानीय प्रशासन के संबंधों को नया स्वरूप देने में सक्षम हो। यह शासन व्यवस्था बाजारीकरण को बढ़ावा देती है और इसमें जन सुविधाओं को आम जनों तक पहुंचाने के लिए 'नान स्टेट एक्टर्स' की सहायता ली जाती है। इसका परिणाम यह हुआ है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के संचालन में राजनीतिक मूल्यों के बजाय आर्थिक सिद्धांतों को अधिक महत्त्वपूर्ण समझा जाने लगा है और लगभग प्रत्येक निर्णय का आधार आर्थिक विकास, प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण का निर्माण और मौद्रिक स्थिरता जैसे आर्थिक कारक बन रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में उदार लोकतंत्र की अवधारणा पर विश्वास करने वाले यूरोपीय देशों में लोकतंत्र का ह्रास देखने में आया है। आश्चर्य है कि लोकतांत्रिक प्रणाली को कमजोर करने का प्रयास निर्वाचित सरकारों द्वारा ही किया जा रहा है। ये सरकारें लोकतंत्र संचालन के औपचारिक-अनौपचारिक पारंपरिक नियमों को सुविचारित रूप से महत्त्वहीन बना रही हैं और हम राजनीतिक अधिकारों में कटौती तथा चुनावों में निष्पक्षता की कमी जैसी स्थितियां बनते देख रहे हैं। 'वेरायटी आफ डेमोक्रेसी' संस्थान की 'वर्ल्ड डेमोक्रेसी' रिपोर्ट 2022' के अनुसार सन 2021 में वैश्विक स्तर पर एक आम नागरिक को उपलब्ध लोकतांत्रिक प्रणाली की गुणवत्ता का स्तर वर्ष 1989 के स्तर से भी नीचे चला गया है। शीत युद्ध के बाद के कालखंड में अर्जित लोकतांत्रिक लाभ तेजी से घट रहे हैं। सन 2012 में उदार लोकतंत्रों की संख्या बयालीस थी। अब केवल चौंतीस देश शेष हैं तथा विश्व की केवल तेरह फीसद आबादी उदार लोकतांत्रिक व्यवस्था का आनंद ले पा रही है। तानाशाही की जकड़न मजबूत हुई है और वर्ष 2020 के पच्चीस देशों की तुलना में अब तीस देश इसकी गिरफ्त में हैं। यानी विश्व में नब्बे देश एकतंत्र या निरंकुश शासन-व्यवस्था द्वारा संचालित हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण बात है 'इलेक्टोरल आटोक्रेसी' यानी चयनित एकतंत्र की बढ़ती प्रवृत्ति, जिसका विस्तार अब साठ देशों में हो चुका है। विश्व की चौवालीस प्रतिशत आबादी यानी 340 करोड़ लोग इन देशों में बसते हैं। इन देशों में विषाक्त ध्रुवीकरण देखने में आ रहा है। चर्चा और विमर्श का अभाव, असहमत स्वरों और तर्क-वितर्क के प्रति असहिष्णुता इस ध्रुवीकरण की विशेषताएं हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
शरीर और मन की स्वस्थता भी आपके उत्साह को दोगुना कर देगी। स्नेही मित्रों के साथ समारोह में जाना हो सकता है। दोपहर के बाद किसी कारण से आपका स्वास्थ्य नरम रहेगा। धन संबंधी विषयों पर लेन-देन में ध्यान रखें।

### वृषभ
आज आप किसी बात की दुविधा में रह सकते हैं। काम पूरा नहीं होने से असंतुष्ट रहेंगे। सर्दी-खांसी, कफ या बुखार की समस्या हो सकती है। धार्मिक कामों के पीछे भी धन खर्च हो सकता है। स्वजनों से वियोग होगा।

### मिथुन
काम करने से उत्साह में वृद्धि हो सकती है। आर्थिक लाभ होगा। मित्रों तथा संबंधीजनों से मिलना होगा। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा।

### कर्क
आज आपको मित्रों से लाभ होगा। नए मित्र बन सकते हैं, जो कि भविष्य में आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं। प्रवास या पर्यटन का आयोजन हो सकता है। सरकारी काम आसानी से पूरे होंगे।

### सिंह
आज आपका व्यवहार लोगों के साथ अच्छा रहेगा। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी। शुरुआत में आपको ऐसा लगेगा, जैसे आपके प्रयास गलत दिशा में आगे बढ़ रहे हों। स्वास्थ्य भी कमजोर रहेगा।

### कन्या
क्रोध की मात्रा भी अधिक रहेगी। परंतु दोपहर के बाद शारीरिक ताजगी से मन खुश रहेगा। काम में मन लगेगा। व्यापार करने वाले और नौकरीपेशा लोग किसी खास मीटिंग में व्यस्त रहने वाले हैं।

### तुला
आज दिन की शुरुआत में आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ और चिंता में रहेंगे। किसी बात को लेकर गुस्से में रह सकते हैं। दोपहर बाद स्थिति में सुधार होगा। परिवार में भी आनंद का वातावरण होगा।

### वृश्चिक
आज नए काम और प्रवास ना ही करें। आध्यात्मिक क्षेत्र में आज सिद्धि प्राप्त होने का योग है। स्वास्थ्य में शिथिलता का अनुभव होगा। क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी। इससे आपका काम बिगड़े नहीं, इसका ध्यान रखें।

### धनु
आज दिन की शुरुआत आनंद के साथ होगी। मन में किसी बात को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक लाभ के लिए किसी मीटिंग में शामिल हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें।

### मकर
किसी खास बौद्धिक काम में आज आप व्यस्त रहेंगे। लोगों के साथ आज आपका व्यवहार अच्छा बना रहेगा। छोटे प्रवास की संभावना है। बाहर खाने-पीने का मज़ा ले पाएंगे। आज अपने गुस्से को नियंत्रण में रखें।

### कुंभ
शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य का आज विशेष ध्यान रखें। अधिक मेहनत के बाद भी काम में सफलता कम मिलेगी। इससे निराशा के भाव उत्पन्न हो सकते हैं। आज यात्रा को टालना आपके लिए हितकर रहेगा।

### मीन
आज आप कुछ अधिक संवेदनशील रहेंगे। आपकी भावनाओं को भी ठेस पहुंच सकती है। वाहन चलाते समय ध्यान रखें। किसी निराशाजनक विचार और काम से दूर रहें। किसी भी काम में शीघ्र निर्णय ना लें।

## प्रदेश समाचार

# मेड़ता नामदेव टाक छीपा दर्जी समाज का अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित


## सेवानिवृत्त न्यायाधीश आरडी रोहिला का किया अभिनंदन

### राष्ट्रीय समाज अध्यक्ष अनुराग रुणवाल कार्यक्रम में रहे मौजूद

सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़ता नामदेव टाक छीपा दर्जी समाज द्वारा गुरुवार में सेवानिवृत न्यायधीश आर डी रोहिला व राष्ट्रीय समाज अध्यक्ष अनुराग रुणवाल व विट्ठल संसार सम्पादक रामनिवास उठवॉल का मेड़ता आगमन पर मेड़ता नामदेव छीपा दर्जी समाज द्वारा माला, स्मृति चिन्ह देकर अभिन्दन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत न्यायधीश रोहिला ने बताया कि हर न्यायधीश का हमेशा पहले ये दायित्व रहता है कि किसी भी बेकसूर के साथ कोई ना इंसाफी हो, न्याय क्षेत्र में रहकर कार्य कर मुल्ज़िम को सजा सुनाये और दोनों पक्षों का पूर्ण रूप सुनवाई कर ही फैसला ले। सेवानिवृत के बाद समाज के साथ समाज के उत्थान को लेकर कार्य करना चाहिए। समाजों में व्यक्तिगत झड़गे ना लाकर समाज के सगठन को मजबूत करने का कार्य करना चाहिए। समाज में शिक्षा को बढ़वा देवे, समाज में युवा वर्ग आगे आकर कार्य करें।

**युवा समाज की रीड की हड्डी :** वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग रुणवाल ने कहा कि हर समाज में युवा वर्ग समाज में रीड की हड्डी के समान है। समाज के विकास में युवा का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी युवा वर्ग को समाज के विकास में जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे है।




# कुचामन में सफल रहा बंद का आह्वान

## ज्यादातर स्वेच्छा से तो कुछेक को करवाया जबरन बंद



बंद पड़ा कुचामनसिटी के सीकर रोड का बाजार




खुली दुकानों को जबरन बंद करवाते गौरक्षक

### मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** प्रदेश में लम्पी रोग से तड़प-तड़प कर मर रहे गौवंश के लिए सरकार की उपेक्षा के विरोध में बंद के आह्वान पर गुरूवार को कुचामनसिटी पूरी तरह बंद रहा। यहां हर वर्ग व समुदाय के व्यापारियों ने बंद का समर्थन किया। अधिकांश दुकानें जहां स्वेच्छा से बंद रही वहीं कुछेक दुकानों को गौरक्षकों ने जबरन बंद करवाया। शहर के पुराने बस स्टैण्ड, गोल प्याऊ, सदर बाजार, सीकर रोड, स्टेशन रोड, डीडवाना रोड, भांवता रोड सहित विभिन्न मार्केट पूरी तरह से बंद रहे। इसके बाद बड़ी संख्या में गौरक्षा दलों से जुड़े कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने तहसीलदार कुलदीप चौधरी के समक्ष मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से लम्पी रोग से ग्रस्त गौवंश की सहायता, शहर में हर 3 वार्ड के ऊपर एक पशु चिकित्सक लगाया जाए सहित दवाईयां और टीकाकरण की मांग की।

**मांगे नहीं मानी तो सरकारी दफ्तरों में बांधेंगे लम्पी ग्रसित गौवंश :** ज्ञापन में बताया गया कि कुचामन उपखण्ड क्षेत्र में लंपी बीमार से पीड़ित गोवंश को लेकर एक जगह सुनिश्चित करें ताकि लंपी से ग्रसित गोवंश को एक बाड़े में रखकर प्राथमिक उपचार दिया जा सके। गौ रक्षा दल के लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि आज ज्ञापन के जरिए हमने हमारी मांग रखी है कि अगर समय रहते हैं प्रशासन और सरकार हमारी मांग नहीं मानी तो सभी लंबी से ग्रसित गोवंश को सरकारी दफ्तरों में लाकर बांध दिया जाएगा और यहां पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# विद्यार्थियों के लिए राजस्थान विश्वविद्यालय में बड़े भाई की भूमिका में तैयार रहूंगा : जाजड़ा

## राजस्थान विश्वविद्यालय छात्रसंघ महासचिव अरविन्द जाजड़ा का कुचामन में हुआ अभिनन्दन

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान विश्वविद्यालय छात्रसंघ महासचिव अरविन्द जाजड़ा व शोध प्रतिनिधि रामस्वरूप ओला का गुरूवार को कुचामन आगमन पर मेगा हाईवे बाइपास स्थित होटल शारदा पैलेस पर सर्व समाज द्वारा स्वागत किया गया।

स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए जाजड़ा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के सहयोग के लिए हमेशा राजस्थान विश्वविद्यालय में बड़े भाई की भूमिका में तैयार रहूंगा। इस अवसर पर भूराराम शेषमा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अविनाश गावड़िया, वीर तेजा संघ अध्यक्ष प्रभूराम बुगालिया, सरपंच मोहनराम किरडोलिया, धारा सिंह टाण्डी, विकास गावड़िया, देवीलाल जाखड़, सुरेश भाकर, दानाराम चौधरी, राजेन्द्र चौधरी मिण्डकिया, गुलहसन खान, विकास मेघवाल, संदीप शर्मा, फूलसिंह, परमेश्वर जाखड़ सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# डीडवाना बन्द, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

अबरार अली बेरी



**डीडवाना( नागौर डेली न्यूज ) :** गौवंश के प्रति प्रदेश सरकार की अनदेखी को लेकर जोगामंडी से कचहरी परिसर तक निकाली गई विरोध रैली में बड़ी मात्रा में गौभक्त शामिल हुए। यह रैली नगर के विभिन्न हिस्सों से होते हुये नारेबाजी करते हुए कचहरी परिसर पहुंची।

मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन उपखण्ड अधिकारी कार्तिकेय मीणा को सौंपा गया। गायों में फैली लंबी महामारी से गोवंश की लगातार मौत के बावजूद सरकार द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने के विरोध में गौमाता संघर्ष समिति के आह्वान पर डीडवाना बंद लगभग सफल रहा। इस दौरान शहर के सदर बाजार, रॉयल मार्केट, गुदड़ी बाजार, महावीर मार्केट, नागौरी गेट सहित सभी बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। बंद को डीडवाना के व्यापारिक संगठनों सहित अन्य सामाजिक व राजनैतिक संगठनों ने समर्थन दिया, हालांकि फल, सब्जी, दूध, दवाइयों की दुकानों को इस बंद से छूट दी गई। इस दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तेद रहा।

# लम्पी रोग की रोकथाम के लिए उचित कदम उठाये सरकार : बिन्दा



### मांग को लेकर गुरूवार को डेगाना में बाजार रहे बंद

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना सहित राजस्थान में चल रहे लंपी रोग की रोकथाम करने तथा गायों को इस रोग से बचाने के लिए ठोस कदम उठाने को लेकर गुरूवार को शहर के लोगो ने प्रधान मंत्री ओर मुख्य मंत्री के नाम से एसडीएम को ज्ञापन देकर मांग की गई। इस सबंध मे गोभक्त युवाओं ने गुरूवार को एक दिन के लिए बाजार बंद कराया ओर जगह जगह घायल अवस्था में मिली गायों की सेवा की ओर ईलाज कराया। युवा नेता सीताराम बिन्दा ने बताया की लंपी रोग से लगातार गायों की मौते हो रही हैं, जिससे देश का गोवंश की जान खतरे मे है। इसके लिए सरकार को कड़े कदम उठाकर इस रोग से गायों के बचाव के लिए उचित कदम उठाने की महत्ती आवश्यकता है।

**ये रहे मौजूद :** इसमे सीताराम बिन्दा, किराणा व्यापार अध्यक्ष विजय कालिया, किसान नेता बंसीराम चोयल, कपडा संघ अध्यक्ष सुरेन्द्र बेनिवाल, नेता प्रतिपक्ष रामचंद्र डूडी, सुखाराम गवलिया अध्यक्ष खान मजदूर संघ, घनश्याम पाडिया, अशोक भंडारी, नरेन्द्र मुण्डेल, दीपचंद, हनुमान बिंदा, श्रवणराम गोदारा, प्रकाश, महेन्द्र सिंह, गोरक्षा सेवा समिति के विष्णू पारीक, वासुदेव, प्रकाश भूतडा मनोज मित्तल, औमप्रकाश टेलर, विश्व हिन्दू परिषद के कृष्णअवतार हैडा सहित शहर के व्यापारी ओर लोगो ने भाग लेकर ज्ञापन दिया ओर गोसेवा की।

# खेलों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं : एसडीएम जाट

## परबतसर में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक ब्लॉक स्तरीय खेलों का हुआ समापन

जुगल किशोर शर्मा



**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** गुरुवार को राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक ब्लॉक स्तरीय खेलों का समापन समारोह स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल परबतसर के खेल मैदान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी शिवपाल जाट, प्रधान प्रतिनिधि ओमप्रकाश मुंडवाड़िया, सीबीईओ हुकमाराम लैगा, विकास अधिकारी रणवीर सिंह, थानाधिकारी सुभाष पुनिया, भामाशाह हरजीराम बुगालिया, हरजीराम पिलानिया, एनटेक ग्रुप के निदेशक धीरज कौशिक, एसीबीईओ हरलाल सिंह कालेर मंचासीन अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रतियोगिता में कुल 10 कैटेगरी के खेलो का आयोजन हुआ था, जिसके फाइनल मुकाबले गुरुवार को संपन्न हुए। क्रिकेट पुरुष वर्ग में बिदियाद व रोहिन्डी ग्राम पंचायत के बीच में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परबतसर के खेल प्रांगण में मैच हुआ जिसमें बिदियाद ने रोहिन्डी को 4 विकेट से पराजित करके विजेता बनी। क्रि के ट महिला वर्ग में बिदियाद ने झालरा को हराया। खो-खो महिला वर्ग में ग्राम पंचायत खिदरपुरा ने बिठवालिया को एक पारी से हराकर विजेता बनी। वॉलीबॉल पुरुष वर्ग में बीठवालिया ने चिताई को हराकर विजेता बनी। कबड्डी महिला वर्ग में भड़सिया ने मोड़ी खुर्द को 7 अंकों से हराकर विजेता बनी। हॉकी में पुरुष वर्ग में गिगोली व महिला वर्ग में खिदरपुरा विजेता बनी। शूटिंग बॉल में बिदियाद विजेता तथा गुढा उप विजेता रही। अंत में हुए कबड्डी पुरूष वर्ग फाइनल में टापरवाड़ा ने बड़ू को हराकर विजेता बनी अधिकारी कर्मचारी मैचों में वॉलीबॉल, क्रिकेट मे शिक्षा विभाग (शारीरीक शिक्षक) की टीमे विजेता रही। समापन समारोह में उपखंड अधिकारी ने सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा खेलो से आपसी समन्वय और भाईचारा बढ़ता है। अच्छे शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य से ही विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में बुलंदियों को छूता है। इसीलिए अन्य गतिविधियों के साथ-साथ खेलकूद को अपने दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण अंग बनाया जाना चाहिए।

### प्रतियोगिता से ग्रामीण प्रतिभाओं को मिला बढ़ावा : लेगा

सीबीईओ हुकमाराम लेगा ने सभी विजेता टीमों को बधाई दी तथा जिला स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रधान प्रतिनिधि ओमप्रकाश मुण्डवाडिया ने कहा ग्रामीण ओलंपिक खेलों से ग्रामीण प्रतिभाओं को बढ़ावा मिलता है तथा सभी ग्रामीणों को खेलने का अवसर मिलता है। शानदार प्रतियोगिता के लिए सभी धन्यवाद दिया एसीबीईओ हरलाल सिंह कालेर ने कहा कि हार जीत खेल का हिस्सा है तथा हारने वाले खिलाड़ी कतई निराश नहीं हो। इस अवसर पर भारतीय सेना के अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी नरसाराम ऊटवाल, प्रधानाचार्य हरेन्द्र डुडी, सरपंच ओमप्रकाश नैण,शीशपाल चौधरी, खैमाराम नैण, मूलाराम गोदारा, सरपंच नन्दकिशोर मुण्डेल, तुलसीराम गोरा, मूलाराम मुंडेल, उगमाराम बडारडा आदि उपस्थित रहे।

# ओलम्पिक खेल ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं के लिए वरदान साबित होंगे : जारोड़ा

### ओलिंपिक खेल, हर उम्र के लोगों में दिखा जोश

इलियास खान

**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज़ )।** उपखंड क्षेत्र में चल रही राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल कूद प्रतियोगिता के चौथे दिन भी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में गुरुवार को खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेड़ता पूर्व विधायक रामचंद्र जारोड़ा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की खेलकूद प्रतिभाओं को तराशने में सरकार द्वारा चलाई गई राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल कूद प्रतियोगिता निश्चित ही वरदान साबित होगी। प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामचंद्र जा ने कहा कि ग्रामीण प्रतिभा को तराशने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर राजीव गांधी ओलंपिक खेल की शुरुआत की है जारोड़ा ने जीतने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से हम अपना नाम रोशन करने के साथ ही सरकार द्वारा खेल कोटे से खिलाड़ियों को नौकरी देने का एक प्रोत्साहित कदम उठाया है उन्होंने खेल क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए प्रयासों को बताते हुए खिलाड़ियों को जिला एवं राज्य स्तर पर रियांबड़ी का नाम रोशन करने के




लिए शुभकामनाएं दी। समापन समारोह की अध्यक्षता कर रही विधायक इंदिरा देवी बावरी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देने के साथ ही स्कूल में चारदीवारी निर्माण मंच निर्माण एवं अन्य कक्षा कक्ष निर्माण राशि के लिए विद्यालय प्रशासन को आश्वस्त किया । रियांबड़ी प्रधान उगमादेवी गोरा ने सभी खिलाड़ियों को आगे इसी प्रकार तैयारी करते हुए राज्य स्तर पर पहुंचने के लिए प्रेरित किया। उप प्रधान गोविंद करण डांगा ने कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री द्वारा खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए आरंभ किए गए राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल एक साथ राजस्थान की 35 सो ग्राम पंचायतों में बड़े स्तर पर आयोजित हुए हैं जो यह एक वर्ल्ड रिकॉर्ड बना है। प्रतियोगिता संयोजक उपखंड अधिकारी गौरीशंकर शर्मा ने प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों आयोजन कमेटी एवं व्यवस्था संभालने वाले सभी कार्मिकों का आभार व्यक्त करते हुए विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी ।

**20 ग्राम पंचायतों की 115 टीमों में 1260 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम :** सीईओ असलम अली ने प्रतियोगिता प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि 12 से 15 सितंबर तक आयोजित प्रतियोगिता में 20 ग्राम पंचायतों से कुल 115 टीमें जिसमें 1260 खिलाड़ी ने यहां अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया है।

# मूण्डवा में ओलंपिक खेल का समारोह पूर्वक हुआ समापन



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** ब्लॉक स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल का समापन समारोह राजकीय मॉडल स्कूल में हुआ। समापन समारोह में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुनील कुमार पवार, मूंडवा तहसीलदार मनीराम खीचड़, रालोपा नेता रेवतराम डांगा, रालोपा नेता सुभाष कंदोई, मूंडवा सीबीईओ मानाराम पचार, मूंडवा उपप्रधान राजेश इनानिया, विकास अधिकारी मनवीर बेनीवाल,के उपस्थिति में हुआ। डांगा ने समापन समारोह के दौरान कहा की खेल व्यक्ति को हर जीत के बारे में अवगत करवाता है खिलाड़ी संघर्ष करते हुए जीतता है और यदि हर जाता हे तो जीत के लिए फिर संघर्ष करता है। एसडीएम सुनिल पवार ने कहा की खेल भी व्यक्ति का अभिन्न अंग है व्यक्ति को खेल खेल खेलना चाहिए जिससे शरीर निरोग रहे किताबो में पढ़ाया भी जाता हे की पहला सुख निरोगी काया। ग्रामीण ओलंपिक खेल 12 सितंबर से शुरू हुए जिसमें विभिन्न खेलों से उत्कृष्ठ खिलाड़ी निकलकर आए।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महाकुंभ में भाग लेने छात्रो का दल हुआ रवाना




रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** ऑल इंडिया रामानुज मैथ क्लब द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शैक्षिक महाकुंभ में भाग लेने हेतु इंडियन पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं का दल रवाना हुआ। प्रधानाचार्य राजेन्द्र कुमार पाराशर ने दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संस्था निदेशक हरिराम लोमरोड़ व प्रबंधन निर्देशक नरेश खण्डेलवाल ने बताया कि 16 सितम्बर से 18 सितंबर तक चिलबिला प्रतापगढ़ (उ.प) में आयोजित 16वी नेशनल मैथमेटिक्स कॉम्पिटिशन में भाग लेंगी जिससे छात्रो का गणित विषय के प्रति रुचि बढ़ेगी एव वैज्ञानिको का उचित मार्गदर्शन मिलेगा।

# गौमाता के समर्थन में थांवला के बाजार रहे बंद



लुकमान शाह

**थांवला( नागौर डेली न्यूज )।** प्रदेश के समस्त गो-भक्तों एवं सामाजिक संस्थाओं के आह्वान पर गुरुवार को संपूर्ण राजस्थान बंद का आह्वान किए जाने पर गुरुवार को थांवला कस्बा संपूर्ण बंद रहा। गोवंश में चल रही लंपी स्किन डिजीज महामारी को लेकर राज्य सरकार कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। देश के कई राज्यों सहित राजस्थान में बीते करीब दो महीने से गायों में लंपी डिजीज कहर बरपा रहा है। गायों के लिए प्राण घातक साबित हो रही इस बीमारी से इलाज के लिए सरकारी की व्यवस्था फेल नजर आ रही है। जिसके कारण प्रदेश में लाखों गोवंश इस महामारी की चपेट में आ गए हैं और अकाल मौत की भेंट चढ़ रहे हैं। राज्य सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाने पर गौ भक्त नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। आवश्यक सेवाओं को छोड़कर गोवंश के लिए संपूर्ण प्रतिष्ठान बंद रखे।

# अम्बुजा सीमेंट फाउंडेशन द्वारा किसान प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** मूण्डवा के निकट गड्डा की ढाणी-ईनाणा में अम्बुजा सीमेंट फाउंडेशन मारवाड़ मुंडवा द्वारा गुरूवार को किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें इस वर्ष ईनाणा के 28 किसानों के 42.50 हेक्टेयर लगी बूंद-बूंद सिंचाई व पूर्व वर्ष के किसानों को बून्द-बून्द सयंत्र की रख रखाव व तरल उर्वरकों के प्रबधन पर किसान कर्यशाला का आयोजन व चयनित किसान को सहयोग राशि 10.20 लाख के चेक दिए। कार्यक्रम मुख्य वकता डॉ रोहिताश बाजिया मुख्य वैज्ञानिक कृषि अनुसन्धान केंद्र नागौर ने समय की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए खेती में परिवर्तन बहुत आवश्यक है क्योंकि वर्तमान में सभी प्रकार के पोषक तत्व तरल रुप में उपलब्ध है, जिससे खेती की लागत में कमी होगी व उपयोग करने में भी आसानी होगी।

# आरक्षण की मांग को लेकर मेड़तासिटी के माली समाज के युवक पहुंचे जयपुर

सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज )।** आरक्षण सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर जयपुर में आयोजित महापड़ाव में मेड़ता क्षैत्र के माली (सैनी) समाज के सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया। माली (सैनी) नवयुवक मण्ड़ल से यशपाल कच्छावा ने बताया की फूले ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सैनी के नेतृत्व में जयपुर में होने वाले महापड़ाव में आज समाज अध्यक्ष जब्बरसिंह भाटी एवं नवयुवक मंडल अध्यक्ष डॉक्टर मतिन्द्र भाटी के नेतृत्व में मेड़ता तथा आस पास के ग्रामीण क्षैत्रों सैकड़ों लोग विधाधर स्टेडियम जयपुर पहुंचे। जहां पर आरक्षण की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही मांग की गई कि लंबे समय से लंबित समाज की इस मांग को सरकार पूरा करें। इस अवसर पर पार्षद दिलीप टाँक, ओम प्रकाश गहलोत, नरेंद्र भाटी, विजयराज सांखला, गौतम टाँक, मुकेश भाटी, खेमराज, शिवराज सांखला मौजूद रहे।

# लाडनू में विशाल जनसभा में भाजपा व कांग्रेस पर गरजे असदुद्दीन ओवैसी

## कहा, कांग्रेस खुद भाजपा की बी-टीम है

### मंच पर से भाजपा व कांग्रेस मुर्दाबाद के नारे लगाए



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** गुरूवार को दोपहर में लाडनूं में ऑल इंडिया इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम ) की विशाल जनसभा का आयोजन हुआ। जनसभा को संबोधित करते हुए बैरिस्टर व सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भाजपा व कांग्रेस के खिलाफ जमकर प्रहार किया। उन्होंने मंच पर भाजपा व कांग्रेस मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। ओवैसी ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार का अल्पसंख्यक समाज के लिए सालाना बजट 99 लाख रुपये है। जबकि तेलंगना में 1700 करोड़ रुपये अल्पसंख्यक समाज के लिए दिए जा रहे है। राजस्थान में कांग्रेस अल्पसंख्यक की भलाई का महज दिखावा कर रही है। ओवैसी ने कहा हम किसी मजहब के खिलाफ नहीं बोलते हम इंसाफ के लिए लड़ रहे है। अपने समाज को अधिकार दिलवाने के लिए लड़ रहे हैं, लेकिन अपने मान व सम्मान की लड़ाई लड़ने वालों पर उंगलियां उठाई जाती है। हमको भाजपा की बी- टीम बताकर माहौल खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि कांग्रेस खुद भाजपा पर मेहरबान क्यों है ? उन्होंने कहा मेरी सभाओं में आने के लिए कांग्रेस सरकार द्वारा लोगों को रोका जाता है। सरकार प्रयास करती है कि सभा विफल रहे मगर लोगो के हौंसले नहीं रोक पाएगी।

#### पुलिस सरकार की चमचागिरी में लगी है

पुलिस सरकार की चमचागिरी में लगी हुई है। जो कार्यकर्ताओं को परेशान कर सकती है, लेकिन हमारे हौंसले पस्त नहीं कर सकते। ओवैसी ने आने वाले विधासभा चुनावों में उनकी पार्टी को समर्थन देकर राजस्थान की सत्ता में परिवर्तन लाने की अपील की। जनसभा में बैरिस्टर व सांसद असदुद्दीन ओवैसी का संयोजक हाजी आसिफ खान व उनकी टीम द्वारा माला पहनाकर सामूहिक रूप से स्वागत किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में जनसमूह उपस्थित रहा।

#### सेल्फी क्रेज की बजाय वोट का दम दिखाऐं युवा :



राज्य सरकार को भी आड़े हाथों लेते हुए ओवैसी ने कहा कि इनको निचले स्तर पर भ्रष्ट अधिकारी ही अच्छे लगते हैं ताकि यह कमाकर जनता को लूट कर ऊपर तक पैसा पहुंचा सके। डीडवाना बांगड़ कॉलेज छात्र चुनाव में लाडनू की सकीना बानो को हराने में दमखम लगाने वाले नेताओं को भी आड़े हाथों लिया। जो युवा विधायक के साथ सेल्फियां लेते हैं उन पर भी कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि अपने आपको ऐसा काबिल बनाओ की राजनीति में आप का दबदबा बना रहे। मजबूती विधायक के साथ सेल्फी खींच कर सोशल मीडिया पर वायरल करने से नहीं अपनी वोट की ताकत दिखाने में होगी।

#### ये रहे उपस्थित

इस दौरान शहर काजी सैयद मोहम्मद अली, शहर काजी सैय्यद मुहम्मद मदनी, मुहम्मद सलीम नागौरी, भाणु खान टाक, रोशन खान, रियाज खान, जाफर खान, असलम मलकान, अमजद खान, मजीद लंगा, जमील खान, प्रवक्ता जावेद अली खान, कासिफ जुबेरी, माजिद हुसैन, हरजीराम मेघवाल, सकीना बानो, रुबीना बानो सहित हजारों की संख्या में जनसमूह उपस्थित रहा।

# ट्रेनों में अवैध खाद्य सामग्री बेचते 8 को पकड़ा

### सख्त कार्यवाही नहीं होने का फायदा उठा रहे हैं अवैध वेंडर

एजाज़ अहमद उस्मानी



**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** रेलगाड़ियों में अनाधिकृत रूप से खाद्य सामग्री बेचने वालों पर अंकुश लगाने के लिए रेलवे द्वारा समय-समय पर अभियान चलाकर रेलवे एक्ट की धारा में मुकदमे दर्ज किए जाते रहे हैं मगर रेलवे एक्ट का सख्त कानून नहीं होने से यह अवैध वेंडर भरपूर फायदा उठा रहे हैं। ऐसे अवैध सामग्री बेचने वाले वेंडर यात्रियों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं।

साथ ही यह अवैध सामग्री बेचने वाले वेंडर कई बार ट्रेनों में होने वाली चोरियों को भी अज्ञात दे देते हैं। इसके कारण ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे ही अवैध सामग्री बेचने वाले आठ अवैध वेंडरों को बुधवार को मेड़ता रोड सीएमआई भूषण कुमार मीणा व नागौर एच आई भगवान सहाय सैनी द्वारा पकड़ा गया।

अनाधिकृत वेंडरों के खिलाफ रेलवे द्वारा अगर सख्त कानून बना दिया जाएं तो ट्रेनों में होने वाली निरंतर चोरियों पर भी लगाम लगाई जा सकती है तथा जहर खुरानी का शिकार होने वाले यात्रियों को भी बड़ी राहत मिल सकती है। उत्तर पश्चिम रेलवे के नागौर स्टेशन पर समय हलचल मच गई जब मेड़ता रोड सीएमआई भूषण कुमार मीणा व नागौर एच आई भगवान सहाय सैनी द्वारा ट्रेन संख्या 19720 में अनाधिकृत रूप से खाद्य सामग्री बेच रहे 8 युवकों को पकड़कर कार्यवाही की। रेलवे के इन दोनों अधिकारियों ने जब इनकी भी पड़ताल की तो वह अनाधिकृत रूप से पाए गए।

# खेमाराम व मदनलाल संचालक मंडल सदस्य निर्वाचित

## सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव आज

धनेश कुमार





**मौलासर( नागौर डेली )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम निमोद की ग्राम सेवा सहकारी समिति में संचालकों के पदों का चुनाव होने के बाद गुरुवार को मतगणना सुबह 10 बजे से शुरु हुई जो लगभग 11 बजे तक सम्पूर्ण हुई। निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार से मिली जानकारी के अनुसार सेवा सहकारी समिति के कुल 12 वार्डो में से 10 वार्डो के संचालक निर्विरोध निर्वाचित हो गए। वहीं दो वार्डो में मतदान प्रकिया की गई, जिसमें वार्ड नं 2 में मदनलाल को 81 वोट जबकि गुमानाराम को 66 वोट मिले वही एक वोट खारिज हुआ। इससे मदनलाल 15 वोट से संचालक मंडल सदस्य निर्वाचित हुये। वहीं वार्ड नं 7 में खेमाराम बुगालिया को 85 वोट जबकि विमला को 58 वोट मिले। वहीं एक वोट खारिज हुआ, जिससे खेमाराम बुगालिया 27 वोट से संचालक मंडल सदस्य निर्वाचित हुये। इसको लेकर दोनों प्रत्याशियों के जीत की खुशी जाहिर करते ग्रामीण एक दूसरे का मुंह मीठा करवाते नजर आ रहे है। निर्वाचन अधिकारी अनिल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति के संचालक मंडल के चुनाव प्रकिया होने के बाद शुक्रवार दोपहर लगभग 3 बजे समिति के प्रबंध कमेटी के चुनाव प्रकिया शुरू की जायेगी, जिसमें जीते हुए संचालक मंडल के सदस्य द्वारा अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव किया जायेगा।

# मीठड़ी में गौभक्तों ने कराए बाजार बंद, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



श्यामसुन्दर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी कस्बे सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रो में आज गौमाता के लिए गुरुवार को राजस्थान बंद का आयोजन रखा गया। इसके तहत कस्बे इलेक्ट्रिक एंड हार्डवेयर एसोसिएशन, किराणा, कपड़ा, मौबाइल आदि व्यापार मंडल ने सर्मथन देकर बंद को सफल बनाया, जिसके फलस्वरूप आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी प्रतिष्ठान बंद रहे। गौशाला अध्यक्ष प्रकाशचंद गंगवाल ने बताया कि गौमाता के लिए ग्रामीणों व दुकानदारों ने सहयोग राशि भी दी। साथ ही उपखंड अधिकारी ब्रहमलाल जाट को ज्ञापन भी दिया गया। इसमें लम्पी बीमारी महामारी घोषित करने, गौशालाओं को उपचार संसाधन व अनुदान उपलब्ध कराने, तहसील मुख्यालय पर आधुनिक गौ चिकित्सालय खोलने की मांग की। इस दौरान गौशाला अध्यक्ष प्रकाशचंद गंगवाल, पूर्व सरपंच लोकेन्द्र सिंह, सरपंच कैलादेवी बावरी, हितेश काछवाल, बनवारीलाल शर्मा, हरीश पारीक, विजय कुमार सोमानी, जगदीश कुमावत, रविन्द्र पोषक, पुष्पेद्र शर्मा सहित आदि ग्रामीण मौजूद थे।

#### लिचाणा भी रहा बंद

इसी तरह लीचाणा में भी गौशाला, व्यापार मंडल, लक्ष्मणदास सेवा समिति व अन्य धार्मिक संगठनो ने समर्थन देकर आज बंद का आयोजन रखा। गोपाल सिंह, दशरथ सिंह, जयकुमार जैन, चैनाराम चौधरी, राजपाल सिंह सांखला, प्रभूदयाल, परमेश्वर लाल, दीपक सैन आदि नावा उपखंड अधिकारी को गौमाता को लम्पी स्किन डिजीज से उचित उपचार, अनुदान आदि के लिए ज्ञापन सौंपा।

# टापरवाड़ा ने बडू को हराकर जीता ग्रामीण ओलंपिक का खिताब

जुगल किशोर



**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** गुरुवार को निकटवर्ती ग्राम टापरवाड़ा की टीम ने राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों के फाइनल मुकाबले में बडू को हराकर खिताब जीत लिया। एकतरफा मुकाबले में टापरवाड़ा ने 33-11 के अंतर सेमैच जीता। जीत के बाद युवाओं ने टीम के कोच एवं सरपंच प्रतिनिधि मूलाराम गोदारा, जावला सरपंच ओमप्रकाश नैण को कंधों पर उठा लिया तथा जीत का इजहार किया। इस अवसर पर शोभाराम भाम्भू, मनीष गोदारा, रामनिवास बाजियां, अभिषेक पुनिया, बाबुलाल भाम्भू, कालुराम गोदारा सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद रहे।

# लम्पी की रोकथाम के लिए गायों को खिला रहे हैं आयुर्वेदिक लापसी



महबूब खोखर

**कुचेरा( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के सब्जी मंडी स्थित माली समाज भवन में लंपी रोग के बचाव को लेकर गौ माता के लिए एक क्विंटल की लापसी बनाई गई। लंपी रोग को मध्यनजर रखते हुए इस लापसी में कई आयुर्वेदिक नुस्खे अपनाकर लापसी तैयार की, जिससे की इस रोग के प्रति गौवंश में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाई जा सके। गौ सेवकों द्वारा तैयार लापसी को अपने स्वयं के वाहनों से गली-गली घूमकर गायों को खिला रहे हैं। निरंतर बढ़ते जा रहे हैं लंपी जैसे घातक रोग से लड़ने के लिए युवा गौ सेवा समिति व श्रीराम गौशाला के सदस्यों द्वारा रोजाना गायों के लिए लापसी व लड्डू तैयार किए जा रहे हैं। शहरवासियों ने युवाओं के कार्य की सराहना की ओर कहा कि यह सब भामाशाह व ग्रामीणों की अच्छी पहल है।

इससे गायों के स्वास्थ्य में काफी सुधार भी हुआ है। इस दौरान काफी संख्या में गौसेवकों ने इस पुण्य के कार्य में बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

# कुचामनसिटी में राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों की हुई शुरूआत, प्रथम दिन हुए 73 मैच

### -क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों की विजेता टीमें ले रही है इस खेल प्रतियोगिता में भाग

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता के ब्लॉक स्तरीय आयोजन में गुरूवार को कुल 73 मैच हुए। बुधवार को राजकीय जवाहर उच्च माध्यमिक विद्यालय कुचामनसिटी में राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल ध्वज फहराकर खेलों की शुरूआत की गई। कुचामन उपखण्ड अधिकारी बाबूलाल जाट के निर्देशन में क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों की विजेता टीम इस खेल प्रतियोगिता में भाग ले रही है। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जगदीश राय ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर खेल आयोजन के लिए कुल पुरूष वर्ग में 117 व महिला वर्ग में 70 टीम विभिन्न खेलों में भाग ले रही है, जिसमें कबड्डी, हॉकी, शुटिंग बॉल, टेनिस बॉल क्रिकेट, वॉलीबाल, खो-खो की कुल छः खेलों में टीमें भाग लेगी। पुरूष वर्ग में 1164 खिलाड़ी व महिला वर्ग में 726 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। खेलों के सफल संचालन हेतु सभी खेल मैदानों में प्रभारी नियुक्त किये गये हैं। टेनिसबॉल क्रिकेट कुचामन कॉलेज में राजेन्द्र मुवाल, हॉकी कुचामन वैली में प्रतापसिंह, कबड्डी पुरूष राजकीय भोमराजका उमावि में सोहनराज, कबड्डी व खो-खो महिला केजीबीवी में प्रद्युम्न शर्मा, वॉलीबाल व शुटिंग बॉल नवोदय विद्यालय में प्रेमप्रकाश गुर्जर प्रभारियों के नेतृत्व में विभिन्न मैदानों में आयोजित हो रहे है। निर्णायक के रूप में ब्लॉक के सभी शारीरिक शिक्षकों को लगाया गया है।

**सभी प्रकार की पुख्ता व्यवस्थाएं की :** खेल मैदानों को तैयार करके ड्रोज डालकर समस्त तरह की पत्रावलियां तैयार कर राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए छाया के लिए टैंट, पीने के पानी, साफ सफाई, फर्नीचर, खाने के पैकेट, चाय आदि की पुख्ता व्यवस्था की गई है। जिस दिन जिस खेल के मैच होने है उन सभी पंचायतों के पीईईओ/प्रधानाचार्य के माध्यम से सूचना दे दी जा रही है। कन्ट्रोल रूम कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कुचामनसिटी में बनाया गया है। पुरूष वर्ग की टीम कबड्डी, वॉलीवॉल, शुटिंगबॉल, टैनिसबॉल क्रिकेट व हॉकी और महिला वर्ग टीम कबड्डी, वॉलीवॉल, खो-खो, टैनिसबॉल क्रिकेट व हॉकी के खलों में भाग ले रही है।

**इन मैदानों पर हुई प्रतियोगिताएं :** टेनिस बॉल क्रिकेट पुरूष के 10 मैच कुचामन कॉलेज के एक मैदान पर हुए, जिसमें टीम लालास, नालोट, जसराणा, परेवड़ी, चावडिया विजेता रही। वॉलीबाल (पुरूष) के 13 मैच में वॉलीबाल (महिला) के 6 मैच और शुटिंगबॉल (पुरूष) के 7 मैच जवाहर नवोदय विद्यालय कुचामनसिटी के चार मैदानों पर हुए। कबड्डी (पुरूष) के 7 मैच राजकीय भोमराजका उच्च माध्यमिक विद्यालय कुचामनसिटी के चार मैदानों पर सम्पन्न हुए।

# शनिवार को ध्वजारोण के साथ होगा अग्रसेन जयंती महोत्सव का आगाज

## प्रेसवार्ता कर दी दस दिवसीय महोत्सव के कार्यक्रमों की जानकारी

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** 5146वां महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का आगाज शनिवार को प्रात: सवा नौ बजे ध्वजारोहरण के साथ होगा। जयन्ती महोत्सव धूमधाम से मनाने बाबत अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष नंदकिशोर सांभरवाला ने प्रेसवार्ता कर बताया कि महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का दस दिवसीय कार्यक्रम का आगाज शनिवार से होगा। अग्रसेन जयंती महोत्सव के दौरान दस दिवसीय कार्यक्रमों को जानकारी देते हुए बताया कि 18 सितंबर 2022 रविवार को युवक वर्ग की अजब गजब क्रिकेट प्रात 6 बजे से कुचामन महाविद्यालय में आयोजित होगी एव सांय 4 बजे से कक्षा 4 से 6 तक कॉमन की टायर क्रॉस आयोजित होगी। सोमवार 19 सितंबर 2022 को दोपहर 2 बजे से महिला वर्ग की ताल से ताल मिला एवं दोपहर 4 बजे से युवती वर्ग की गरबा थीम थाली सजाओ प्रतियोगिता आयोजित होगी। मंगलवार 20 सितंबर 2022 को दोपहर 4 बजे से कक्षा 1 से 3 तक जंपिंग ब्लास्ट एवं सांय 6 बजे से कक्षा 7 से 10 तक पोंग टेक टॉय प्रतियोगिता आयोजित होगी। बुधवार 21 सितंबर 2022 को दोपहर 2 बजे को महिला वर्ग की सजना है मुझे सजना के लिए एवं दोपहर 4 बजे से युवती वर्ग की हवा टाइट प्रतियोगिता, रात्रि 8 बजे से पुरुष वर्ग की हाऊजी प्रतियोगिता होगी।

#### प्रतिभा सम्मान समारोह भी होगा

गुरुवार 22 सितंबर 2022 को कक्षा 7 से 10 तक म्यूजिक चेयर एवं सांय 7.15 फैंसी ड्रेस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होगा। शुक्रवार 23 सितम्बर 2022 को दोपहर 2 बजे से महिला व युवती वर्ग की हाऊजी एवं रात्रि 7.30 बजे से कपल्स के लिए मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी प्रतियोगिता आयोजित होगी। शनिवार 24 सितंबर 2022 रात्रि 7.30 बजे से महा गरबा रास पलटनगेट स्तिथ जैन स्कूल में आयोजित होगी। रविवार 25 सितंबर 2022 को प्रात: 7 बजे से युवक वर्ग की बैडमिंटन, दोपहर 4 बजे से कक्षा 4 से 6 की स्टेक अटैक और रात्रि 8 बजे से कक्षा 11 से ऊपर की दम दिखाओ प्रतियोगिता आयोजित होगी।




#### शाही लवाजमे के साथ निकलेगी शोभायात्रा

सोमवार 26 सितंबर 2022 को प्रात: 5:15 बजे प्रभातफेरी, प्रात: 9 बजे से हवन व पूजन, प्रात: 9.15 बजे से कक्षा 1 से 3 की टब बॉल, दोपहर 12:15 बजे से महाआरती और दोपहर 3 बजे से शाही लवाजमे के साथ शोभायात्रा सब्जीमंडी स्थित अग्रवाल भवन से शुरू होकर सदर बाजार, धानमंडी, घाटीकुआं होते हुए नया शहर सीकर रोड से महादेव भवन की गली, न्यू कॉलोनी, शाहजी का बगीचा होते हुए वापस अग्रवाल भवन में समापन होगा।

#### अग्रवाल समाज के ये प्रबुद्धजन रहे मौजूद

इस दौरान समाज समिति के सचिव मुरली मनोहर स्नेही, कोषाध्यक्ष नथमल शेखराजका, शेखर रामचंद्रका, श्यामसुंदर खोखरिया, सत्यनारायण मोर, मुरली बांसावाला, पवन मोर, नवल डालूका, नवयुवक मंडल अध्यक्ष आशीष बुडसुवाला, उपाध्यक्ष संजय खोखरियां, सचिव यश बंसल, रोहित लांबावाला, सुरेंद्र लांबावाला, अंकित बरवालीवाला, सौरभ अग्रवाल, जयप्रकाश डालुका, अनिल मिठड़ीवाला एवम समस्त कार्यकारिणी सदस्य मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com